कार्यालय–सचिव औद्योगिक एवं प्राविधिक शिक्षा परिषद, उ0प्र0 मोहान रोड, लखनऊ

पत्रांक S-835 / औ0प्रा0शि0प0 / प्रवेश सूची / 2019–20 दिनांक– 16 जनवरी, 2020

समस्त प्रधानाचार्य
समाज कल्याण विभाग उ0प्र0, द्वारा मान्यता प्राप्त
औद्योगिक एवं प्राविधिक शिक्षण संस्थाएं, उ0प्र0

विषयः–शैक्षिक सत्र 2019–20 के अर्न्तगत प्रवेशित छात्र–छात्राओं की सूची परिषद कार्यालय में उपलब्ध कराये जाने के सम्बन्ध में अन्तिम सूचना।

कार्यालय पत्र सं0–सी–797 / प्रवेश / 2019–20 दिनांक–23.10.2019 द्वारा शैक्षिक सत्र 2019–20 के अर्न्तगत प्रवेश लेने वाले छात्रों की सूचना (प्रवेश सूची) परिषद कार्यालय को उपलब्ध कराने की अन्तिम तिथि 05.11.2019 निर्धारित की गयी थी। परीक्षण में पाया गया है कि अनेक संस्थाओं द्वारा अभी तक प्रवेश की सूचना परिषद कार्यालय को प्रेषित नहीं की गयी है। वार्षिक परीक्षा 2019 का परीक्षाफल घोषित / वेबसाइट पर अपलोड किया जा चुका है। वर्ष 2020 की परीक्षा की तैयारी की जा रही है।

अतः अन्तिम रूप से निर्देशित किया जाता है कि, शैक्षिक सत्र 2019–20 के अर्न्तगत प्रवेश लेने वाले छात्रों की सूचना (प्रवेश सूची) परिषद कार्यालय को दिनांक–30.01.2020 तक अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। दिनांक–30.01.2020 तक सूचना प्रेषित न करने वाली संस्थाओं के सम्बन्ध में यह समझा जायेगा कि, उस संस्था में प्रवेश की स्थिति शून्य है तदनुसार उन संस्थाओं का शैक्षिक सत्र 2019–20 शून्य भी किया जा सकता है।

(पी0के0मिश्रा)
सचिव

पृष्ठांकन संख्या एवं दिनांक उपरोक्तानुसार–
प्रतिलिपिः निम्न की सेवा में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–
1–निदेशक समाज कल्याण उ0प्र0, लखनऊ।
2–उपनिदेशक / योजनाधिकारी (परीक्षा) निदेशालय स0क0उ0प्र0।

सचिव

Scanned with CamScanner